## मनोविज्ञान (Psychology) कक्षा–12

### माडल परीक्षा प्रश्नपत्र 2025–26

समयः– 3 घण्टे 15 मिनट  पूर्णांक 100

निर्देशः प्रारम्भ के 15 मिनट विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु निर्धारित है।

नोट :–1. सभी प्रश्न अनिवार्य है। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

2. प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रश्न संख्या 11 से 16 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 25 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 17 से 22 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 23 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 250 शब्दो में देना है।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

प्रश्न 1 से 10 तक (प्रत्येक प्रश्न 1 अंक)

1. किसी विशिष्ट क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर कुशल होने की योग्यता को कहते हैं–  1
(क) मूल्य
(ख) बुद्धि
(ग) अभिरूचि
(घ) अभिक्षमता
2. युंग के अनुसार व्यक्तित्व के प्रकार हैं–  1
(क) अन्तर्मुखी, बहिर्मुखी
(ख) गोलाकार, आयताकार, लम्बाकार
(ग) रजोगुणी, सतोगुणी, तमोगुणी
(घ) इनमे से कोई नहीं
3. निम्न में कौन–सा संप्रत्यय आत्म नियंत्रण की अवधारणा पर आधारित है–  1
(क) आत्म सक्षमता
(ख) आशा
(ग) आत्म–सम्मान
(घ) तन्यकता
4. कुण्ठा एवं द्वन्द्व किस प्रकार के दबाव है–  1
(क) पर्यावरणीय
(ख) सामाजिक
(ग) मनोवैज्ञानिक
(घ) इनमें से कोई नहीं

Visit CollegeDekho

5. असामान्य व्यवहार की व्याख्या करने के लिये मनोगतिकी माडल का प्रतिपादन किसके द्वारा किया गया– 1

(क) सिगमण्ड फ्रायड

(ख) कालरोजर्स

(ग) कार्लयुंग

(घ) इनमे से कोई नहीं

6. बिना किसी वाह्य उद्दीपक की अनुपस्थिति में व्यक्त होने वाले प्रत्यक्षण को क्या कहा जाता है – 1

(क) व्यामोह

(ख) विभ्रम

(ग) विघटितचिन्तन

(घ) कुण्ठित भाव

7. किस विकार वाले बच्चों को सामाजिक अन्तःक्रिया करने में तथा दूसरों के साथ सम्प्रेषण स्थापित करने में काफी कठिनाई होती है– 1

(क) स्वालीन विकार

(ख) अवसाद

(ग) ध्यान दुर्बलता

(घ) आचरण विचार

8. निम्नलिखित में से कौन–सा समूह में शामिल होने का एक लक्ष्य हो सकता है– 1

(क) लक्ष्य प्राप्ति

(ख) सूचना एवं ज्ञान का आदान–प्रदान

(ग) सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं की पूर्ति

(घ) उपर्युक्त सभी

9. समूह संरचना का प्रमुख तत्व है– 1

(क) भूमिका

(ख) मानक

(ग) पद

(घ) ये सभी

10. अस्थायी होना, सदस्यों के सामने कोई मानक नहीं होना, एक सामान्य लक्ष्य नहीं होना आदि निम्न में से किसकी विशेषताएं है– 1

(क) भीड़

(ख) समूह

(ग) दल

(घ) मानक

Visit CollegeDekho

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न, शब्द सीमा : 25)

प्रश्न 11–16 तक (प्रत्येक प्रश्न 4 अंक)

11. संवेगात्मक बुद्धि से आप क्या समझते है। सांवेगिक रूप से बुद्धिमान व्यक्ति की दो विशेषताएं लिखिए। $2+2=4$
12. बुद्धि लब्धि (I.Q.) क्या है, यदि किसी बालक की मानसिक आयु 12 वर्ष और वास्तविक आयु 10 वर्ष है तो उसकी बुद्धि–लब्धि क्या होगी ? $2+2=4$
13. जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए कौन–कौन से कौशल आवश्यक हैं ? 4
14. मनश्चिकित्सा क्या है, वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के नाम लिखिए ? $2+2=4$
15. अभिवृत्ति किसे कहते हैं, अभिवृत्ति के कौन–कौन से घटक होते हैं ? $2+2=4$
16. समूह ध्रुवीकरण एवं सामाजिक स्वैराचार किसे कहते हैं ? $2+2=4$

(लघु उत्तरीय प्रश्न, शब्द सीमा : 50)

प्रश्न 17 से 22 तक (प्रत्येक प्रश्न 6 अंक)

17. सृजनात्मकता क्या है, परिभाषित कीजिए तथा सृजनात्मकता और बुद्धि का सम्बन्ध क्या है ? $3+3=6$
18. व्यक्तित्व से क्या आशय है, व्यक्तित्व मापन विधियों में प्रक्षेपी तकनीक रोर्शामसिलक्ष्य परीक्षण का वर्णन कीजिए ? $2+4=6$
19. प्रमुख मनोवैज्ञानिक विकार के नाम एवं उनके लक्षण लिखिए ? $3+3=6$
20. मनोविदलता वर्णक्रम तथा अन्य मनोविक्षिप्त विकार का वर्णन कीजिए ? $3+3=6$
21. व्यवहार चिकित्सा में प्रयुक्त दो तकनीकों के उपयोग की चर्चा व वर्णन कीजिए ? $3+3=6$
22. समूह से आप क्या समझते है, समूह निर्माण की अवस्थाओं का वर्णन कीजिए ? $2+4=6$

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न, शब्द सीमा : 250)

प्रश्न 23 से 25 तक (प्रत्येक प्रश्न 10 अंक)

23. आत्म क्या है, आत्म की अवधारणा का वर्णन कीजिए तथा आत्म के विभिन्न प्रकारों का उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ? $2+3+5=10$

अथवा

व्यक्तित्व के संप्रत्यय से क्या तात्पर्य है, व्यक्तित्व के प्रमुख उपागम कौन–कौन से हैं ? $4+6=10$

24. दबाव से आप क्या समझते हैं, दबाव के प्रकार के नाम लिखिये एवं स्त्रोत की व्याख्या कीजिए ? $2+3+5=10$

Visit CollegeDekho

अथवा

मनोवैज्ञानिक दबाव से क्या आशय है, मनोवैज्ञानिक प्रकार्यो पर दबाव के प्रभाव की व्याख्या कीजिए ? 3+7=10

25. अभिवृत्ति निर्माण से आप क्या समझते हैं, अभिवृत्ति निर्माण की प्रक्रियाएं कौन–कौन सी हैं नाम लिखिए एवं अभिवृत्ति निर्माण को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए ? 2+3+5=10

अथवा

पूर्वाग्रह से आप क्या समझते है, इसके क्या कारण है, पूर्वाग्रह नियन्त्रण की युक्तियां समझाइये ? 2+3+5=10

Visit CollegeDekho